हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 24 जनवरी 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 शिवराज ने सांसद खेल महोत्सव के समापन...



07 218 साल से लगातार चल रहा है रहस मेला जिसके...



## खबर संक्षेप

### फाइनल रिहर्सल आज

**विदिशा।** गणतंत्र दिवस के पर्व पर जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में शामिल कार्यक्रमों का जारी पूर्वाभ्यास का फायनल रिहर्सल आज सुबह 9 बजे से पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित किया गया है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी के द्वारा संयुक्त रूप से फाइनल रिहर्सल का जायजा लिया जाएगा।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान की शपथ

**विदिशा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने शपथ का सामूहिक वाचन दोहराया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मोहनी शर्मा एवं निकिता तिवारी सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मरीजों के उपचार हेतु 2 लाख 40 हजार स्वीकृत

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वेच्छानुदान मद से विदिशा जिले के 6 मरीजों के उपचार के लिए कुल 2 लाख 40 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि संबंधित मरीजों को लिए इलाजरत अस्पतालों हेतु सीधे जारी की गई है, जिससे मरीजों को समय पर आवश्यक चिकित्सा सुविधा मिल सके। यह सहायता गंभीर बीमारी से पीड़ित एवं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए संबल साबित होगी। मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना के माध्यम से जरूरतमंदों को त्वरित राहत प्रदान कर मानवीय संवेदनाओं के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही।

### मारपीट के तीन आरोपियों को सजा

**विदिशा।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने मारपीट के एक प्रकरण में तीन आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। थाना गुलाबगंज क्षेत्र के ग्राम मुंगवारा निवासी आरोपी बबलू साहू (36), नीलू उर्फ नीलेश साहू (28) एवं जगन्नाथ साहू (66) को 6 माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। कंडे लेने गई फरियादी व उसकी पुत्री के साथ पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने डंडों से मारपीट की थी। प्रकरण में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सपना दुबे द्वारा प्रभावी पैरवी की गई।

### शासकीय कॉलेज में आयोजित किए कार्यक्रम

**नटेरन।** शासकीय महाविद्यालय नटेरन में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुआ। छात्राओं ने सस्वर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। लोकगीत गायक दलसिंह मीणा का स्वागत प्राचार्य व प्रभारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने मां सरस्वती, नेताजी बोस एवं भारतीय ज्ञान परंपरा पर विचार रखे। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. बने सिंह वर्मा ने प्रेरक उद्बोधन दिया।

### जयंती पर कार्यक्रम



**विदिशा।** शुक्रवार को शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की जन्म जयंती शिवसेना कार्यालय में मनाई गई। कार्यक्रम में समस्त शिवसैनिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान शिवसेना जिला प्रमुख राहुल जोशी, जिला सचिव डब्बू जैन, नगर प्रमुख आशीष मालवीय, नगर शाखा प्रमुख गौरव खुराना, नगर मंत्री राहुल गौड, वार्ड अध्यक्ष राहुल जोशी, खुमान सिंह रघुवंशी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शहर में 140 स्कूल और 10 चौराहों पर लगे स्टॉल, दिनभर रही भीड़

# वसंत पंचमी पर एक लाख लोगों ने विद्या ब्राह्मी कल्प स्वर्ण प्राशन का किया सेवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बसंत पंचमी पर विद्याब्राह्मी कल्प स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम का दूसरा चरण आयोजित किया गया। इस दौरान शहरभर में एक लाख से अधिक लोगों को विद्या ब्राह्मी कल्प का सेवन कराया गया।

यह आयोजन संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के द्वितीय समाधि दिवस की पूर्व संध्या पर हुआ। निर्यापक श्रमण मुनि श्री संभवसागर महाराज ने कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना का पर्व है। उन्होंने आयुर्वेद के अनुसार ब्राह्मी के सेवन को स्मरण शक्ति, बुद्धि और एकाग्रता बढ़ाने वाला बताया। मुनिश्री ने कहा कि विद्याब्राह्मी कल्प बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी के लिए उपयोगी है।



**विदिशा।** शहर में विभिन्न स्थानों पर विद्या ब्राहमी कल्प स्वर्ण प्राशन का सेवन करते हुए।

### विधायक ने विद्या ब्राह्मी कल्प का सेवन किया

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक मुकेश टंडन ने मुनि संघ को नमोस्तु अर्पित किया। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से बनी सरकारें स्वदेशी, व्यसन मुक्त समाज, कुटीर उद्योग और गोशाला जैसे उनके प्रकल्पों को आगे बढ़ा रही हैं। विधायक टंडन ने स्वयं विद्याब्राह्मी कल्प का सेवन किया और आमजन को भी इसके लिए प्रेरित किया।

अभिनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि विदिशा नगर के सभी 140 शासकीय एवं निजी स्कूलों, आंगनवाड़ियों और शहर के 10 प्रमुख चौराहों पर टेंट लगाकर विद्याब्राह्मी कल्प का वितरण किया गया। इस महाअभियान का लक्ष्य एक लाख से अधिक लोगों तक औषधि पहुंचाना था, जिसे महिला मंडलों, मुनि सेवक संघ, समग्र पाठशाला समिति, शिक्षकों, स्कूल प्रबंधकों, जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से पूरा किया गया।

### वसंत पंचमी पर खाटू श्याम मंदिर धाम में हुआ विशेष आयोजन

वसंत पंचमी पर खाटू श्याम मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन हुआ। सुबह बाबा श्याम का अभिषेक किया गया। इसके बाद बाबा को पीले रंग का बागा धारण कराया गया। पुराने वस्त्र श्याम भक्तों में वितरित किए गए। पीले फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया एवं पीले भात की सवामनी का भोग अर्पित किया गया। सुबह 9 बजे से भजन संध्या में जयपुर के अनिल बावरा, इटारसी की नेहा ठाकुर एवं गंजबासौदा की मिली कुशवाह ने भजनों की प्रस्तुति दी।



### शिशु मंदिर में विद्यारंभ संस्कार एवं बसंतोत्सव

सरस्वती शिशु मंदिर अंदर किला विद्यालय में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्यारंभ संस्कार एवं बसंतोत्सव वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। मां सरस्वती का अभिषेक, पंचकुंडीय हवन-पूजन एवं नवप्रवेशित नन्हे भैया-बहनों का विद्यारंभ कराया गया। बच्चों ने स्लेट पर ॐ व स्वस्तिक अंकित किए। मुख्य वक्ता वरिष्ठ समाजसेवी देवांश अग्रवाल ने संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शोभायात्रा, घोष पूजन एवं वेद पूजन भी हुआ। संचालन रीनू विश्वकर्मा ने किया।

### ग्यारसपुर में धार्मिक आयोजनों की धूम

**ग्यारसपुर।** वसंत पंचमी के पावन अवसर पर ग्यारसपुर क्षेत्र में स्कूलों व मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजन किए गए। अखिल विश्व गायत्री परिवार ग्यारसपुर द्वारा सामूहिक गायत्री यज्ञ का आयोजन हुआ। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर ग्यारसपुर में बसंत पंचमी व सरस्वती जयंती के अवसर पर 3 से 5 वर्ष के बच्चों का विद्यारंभ संस्कार संपन्न कराया गया। पंडित देवकीनंदन शास्त्री व पंडित लक्की शर्मा ने वैदिक विधि से हवन कराया।

# नर्सिंग स्टाफ को नहीं मिला इंक्रीमेंट, वेतन वृद्धि अटकी

### स्वास्थ्य आयुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन



**विदिशा।** ज्ञापन देकर नर्सिंग स्टाफ ने इंक्रीमेंट और वेतन वृद्धि की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ ने शुक्रवार को स्वास्थ्य आयुक्त और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों को एक लिखित ज्ञापन सौंपा।

नर्सिंग स्टाफ के अनुसार वर्ष 2019 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को अब तक इंक्रीमेंट का लाभ नहीं मिल पाया है। परिवीक्षा अवधि पूरी होने के बावजूद पोर्टल पर इंक्रीमेंट प्रदर्शित नहीं हो रहा है, जिससे वेतन निर्धारण में समस्या आ रही है और कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि शासकीय नियमों के तहत नर्सिंग अधिकारियों को विशेष वेतन वृद्धि (स्पेशल इंक्रीमेंट) दिए जाने का प्रावधान है। हालांकि पोर्टल में वेतन निर्धारण के दौरान इस स्पेशल इंक्रीमेंट को जोड़ने का कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है। इसी तकनीकी खामी के कारण वर्षों से उनकी वेतन वृद्धि अटकी हुई है। नर्सिंग स्टाफ ने मांग की कि पोर्टल में तत्काल आवश्यक तकनीकी सुधार किए जाएं और स्पेशल इंक्रीमेंट का विकल्प जोड़ा जाए। इससे वर्ष 2019 के बाद नियुक्त नर्सिंग अधिकारियों का वेतन नियमों के अनुरूप निर्धारित किया जा सकेगा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### वेगास ग्रुप ने मनाया राष्ट्रीय बेटी दिवस

**विदिशा।** वुमन्स ग्रुप ऑफ़ अवेयरनेस सोसाइटी द्वारा उदयगिरी और सुनपूरा गांव में जाकर राष्ट्रीय दिवस की पूर्व संध्या पर बेटियों को वस्त्र बांटे। ग्रुप अध्यक्ष पूजा गोयल ने बताया यह गतिविधि बेटियों के प्रति सम्मान और समानता का संदेश देने की दिशा में एक प्रयास है। इस दौरान वंदना गुप्ता, एकता ठाकुर, अनामिका पचौरी, माया तिवारी, अर्चना पांडे, सविता कपूर, सिम्पी साहू, मंजू सोनी उपस्थित रहीं। ग्रुप की सचिव कल्पना पंवार ने अपने उद्बोधन में सभी का आभार माना एवं ग्राम सोनपुरा की बच्चियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# नपाध्यक्ष ने वार्ड 25 में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया



**विदिशा।** वार्ड नंबर 25 में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए।

> वार्ड नंबर 25 में पिछले 3 साल में करीब 1 करोड़ 54 लाख के कार्य पूरे हो चुकें। 80-90 लाख के नए कार्य प्रस्तावित हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने वार्ड 25 में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य गुणवत्ता पूर्ण एवं तय समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। वार्ड में वर्तमान में लगभग 1.5 करोड़ के विकास कार्य प्रगतिरत हैं। खिरिया क्षेत्र में 65 लाख की लागत से नाला निर्माण, राधाकृष्णपुरम कॉलोनी में पानी की लाइन सहित 32 लाख की सीसी रोड, बसस्टैंड पर 30 लाख का सीसी निर्माण, झूलेलाल कॉलोनी में 11 लाख की पार्क बाउंड्री तथा माधवगंज गांधी चौक में 11 लाख की लागत से स्कूल निर्माण कार्य शामिल हैं।

पिछले तीन वर्षों में वार्ड में करीब 1 करोड़ 54 लाख के कार्य पूरे हो चुके हैं, वहीं 80-90 लाख के नए कार्य प्रस्तावित हैं। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद तीरथ प्रताप सिंह दरबार, एई वर्मा, इंजीनियर हितेश श्रीवास्तव एवं वार्डवासी मौजूद रहे। अध्यक्ष ने कहा कि शहर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और स्वच्छ व सुंदर शहर निर्माण में नागरिकों का सहयोग आवश्यक है।

# घरेलू गैस पर सब्सिडी इसलिए व्यावसायिक उपयोग अपराध, 1 साल में 138 सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक उपयोग पर समय समय पर कार्रवाई की जाती है, लेकिन घरेलू गैस सिलेंडर बाजारु हो चुका है। इसका खुलेआम धड़ल्ले से व्यवसायिक उपयोग होता कहीं थी देखा जा सकता है।

दुकानों पर देखने दिखाने के लिए व्यवसायिक गैस सिलेंडर सामने रख दिख जाता है और उपयोग घरेलू गैस सिलेंडर का किया जाता है। इधर जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय का कहना है कि बीते एक वर्ष की अवधि में खाद्य विभाग की टीम ने शहर के प्रमुख होटल, ढाबों, चाय के स्टॉल और कैटरिंग प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई स्थानों पर घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया, जो आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है।

### 4.70 लाख का जुर्माना, 3.72 लाख वसूले

पिछले एक साल में कार्रवाई के दौरान जब्ती दल ने कुल 138 घरेलू गैस सिलेंडर एवं संबंधित उपकरण जब्त किए। 77 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। इन मामलों में कुल 4.70 लाख का जुर्माना अधिरोपित किया गया, जिसमें से 3.72 लाख की वसूली की जा चुकी है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस सिलेंडरों पर सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाती है, इसलिए इनका व्यावसायिक उपयोग आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है। साथ ही असुरक्षित ढंग से सिलेंडरों का उपयोग गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। नागरिकों से अपीलप्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं घरेलू गैस के दुरुपयोग या अवैध रिफिलिंग की जानकारी मिले, तो तत्काल खाद्य विभाग को सूचित करें।




# जिले के 17 हितग्राहियों को मिलेंगे निशुल्क कृत्रिम हाथ

> दिव्यांगों को कक्ष क्रमांक 102 में मिलेगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा इनाली फाउंडेशन के समन्वय से 26 एवं 27 जनवरी को निःशुल्क कृत्रिम हाथ लगाए जाने हेतु विशेष शिविर लगाया जा रहा है। यह शिविर सिविल हॉस्पिटल हथाईखेड़ा, आनंद नगर चौराहा के पास भोपाल में लगाया जाएगा। विदिशा जिले के 17 हितग्राहियों को आधुनिक तकनीक से निर्मित कृत्रिम हाथ उपलब्ध कराए जाएंगे।

इन कृत्रिम हाथों की सहायता से लाभार्थी भोजन करने, लिखने तथा दैनिक जीवन के अन्य कार्य सहजता से कर सकेंगे, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार ने बताया कि ऐसे व्यक्ति जिनकी आयु 16 वर्ष या उससे अधिक है तथा जिनके हाथ का कोहनी से नीचे का भाग नहीं है, वे पंजीयन एवं जानकारी जिला चिकित्सालय के कक्ष क्रमांक 102 में या दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं।

# डंपर ने 3.5 साल के बच्चे को कुचला, इलाज के दौरान मौत

### हादसे के बाद ड्राइवर फरार, डंपर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पठारी में एक सड़क हादसे में साढ़े तीन साल के बच्चे हसन की शुक्रवार को मौत हो गई। स्टेडियम के सामने एक तेज रफ्तार डंपर ने बच्चे को कुचल दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद परिजन घायल हसन को तत्काल पठारी अस्पताल ले गए। वहां से गंभीर हालत को देखते हुए उसे विदिशा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। स्थिति और नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को बच्चे का पोस्टमॉर्टम कराया गया। इसके बाद परिजन मृतक हसन का शव लेकर पठारी पहुंचे, जहां उसे दफनाया गया। बताया गया है कि मृतक बच्चे के पिता आशिक खान मजदूरी का काम करते हैं। उनके दो बच्चे हैं, जिनमें एक लड़का और एक लड़की शामिल हैं। पुलिस ने हादसे में शामिल डम्पर को जब्त कर पठारी थाने में खड़ा कर दिया है। घटना के बाद से डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि चालक की तलाश की जा रही है और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम पंचायत मोही को मिली विकास की सौगात

# विधायक मीणा ने किया 25 लाख के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की श्रृंखला में विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने ग्राम पंचायत मोही में 25 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया।



विधायक मीणा ने कहा कि शमशाबाद क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। गांवों के विकास में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

इस अवसर पर सरपंच ज्योति पहलवान मीणा सहित ग्रामीणों ने सड़क निर्माण एवं संजय सागर से नहर के माध्यम से गांवों को जोड़ने की मांग रखी। विधायक ने आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित शमशाबाद दौरे के दौरान वे नहर योजना की मांग प्रमुखता से रखेंगे। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद धाकड़ सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कांग्रेसजनों ने चलाया स्वच्छता अभियान

# जय हिंद नारा आज भी राष्ट्रीय गौरव की प्रेरणा देता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस सेवा दल द्वारा नेताजी की प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाकर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर प्रतिमा स्थल पर फैली गंदगी की पहले साफ-सफाई की गई इसके बाद नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस एक प्रभावशाली वक्ता, दूरदर्शी नेता और महान देशभक्त थे, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनके द्वारा गठित आज़ाद हिंद फौज और जय हिंद का नारा हर भारतीय के लिए राष्ट्रीय गौरव और प्रेरणा का स्त्रोत है।



### महान क्रांतिकारी थे सुभाषचंद्र बोसः प्रतापभानु शर्मा

पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा ने नेताजी को याद करते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारत के महान क्रांतिकारी थे, जिन्हें देश नेताजी के नाम से जानता है। उनका उद्घोष तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा आज भी युवाओं में जोश और बलिदान की भावना जगाता है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने नेताजी के जीवन को साहस, त्याग और स्वतंत्रता के प्रति अटूट जुनून से परिपूर्ण बताया। कांग्रेस नेत्री अनुमा आचार्य ने कहा कि नेताजी उन विरले राष्ट्रनेताओं में से थे, जिनमें बौद्धिक गहराई और निडर कर्म का अद्भुत समन्वय था। गोविंद देवलिया ने नेताजी की प्रतिमा स्थापना में स्व. रघुवीर चरण शर्मा के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि नेताजी का स्वतंत्रता संग्राम आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम का संचालन सेवादल जिला मुख्य संगठक रामराज सिंह दांगी ने किया उक्त जानकारी जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने दी।



## खबर संक्षेप

### सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**गंजबासौदा।** भारत सरकार के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर सुभाष निकेतन के बच्चों के साथ माल्यार्पण किया। इस दौरान बच्चों ने सुभाष चौक पर राष्ट्रभक्ति गीतों का प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर सुभाष निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल में उनकी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों ने सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संचालक अखिलेश श्रीवास्तव ने दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया। बसंत पंचमी के मौके पर विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की मूर्ति पर भी माल्यार्पण किया। इस दौरान भक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

### विधायक कप टूर्नामेंट का किया शुभारंभ


**गंजबासौदा।** तारण तरण पाठशाला परिसर में आयोजित होने जा रहे विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुक्रवार को केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए स्वयं बल्लेबाजी कर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

### छात्रशक्ति ने केन्द्रीय कृषि मंत्री से की मांग



**गंजबासौदा।** नगर के युवाओं के भविष्य के लिए आर्मी और पुलिस की तैयारी कर रहे सैकड़ों युवाओं के लिए शुक्रवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को शासकीय एसजीएस पीजी कॉलेज में स्टेडियम और ट्रेक की मांग को लेकर छात्र शक्ति ने एक आवेदन दिया। इस दौरान छात्र नेता नेतृत्व शुभेन्द्र सिंह राजपूत, रमन दुबे, सूरज राजपूत, शिवराज परिहार, पूर्णिमा श्रीवास्तव, शिखा कुशवाह, तनीषा, श्रेयांश खन्ना, हेमंत रघुवंशी सहित छात्र शक्ति , युवा शक्ति मौजूद रहे।

### एनएसयूआई ने मांगों का दिया ज्ञापन



**गंजबासौदा।** नगर अध्यक्ष यश बलोठिया के नेतृत्व में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट और एलबीएस कॉलेज में एलएलबी कोर्स पुनः शुरू किए जाने की मांग की गई। इस दौरान ऋषि जैन, अभिषेक राजपूत, अभय राजपूत मौजूद थे।

# बसंत पंचमी पर श्याम भक्ति से रंगा नगर, लहराए निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को नगर श्याम भक्ति और बसंती उल्लास से सराबोर नजर आया। हल्की-हल्की बसंती हवा, पीले पुष्पों से सजा मंदिर और लहराती श्याम ध्वजाओं के बीच पहली बार नगर में श्री खाटू श्याम की भव्य पालकी एवं निशान यात्रा निकाली गई। श्याम नाम की गूंज ने पूरे नगर को आध्यात्मिक चेतना से भर दिया। इसके अलावा बसंत पंचमी के मौके पर नगर में भी कई मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए। विद्यार्थियों ने माता सरस्वती की पूजन अर्चना की। बाबा खाटू श्याम जी की पालकी और निशान यात्रा बसंत पंचमी के पावन मौके पर सुबह 10 विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हनुमान चौक से आरंभ हुई। श्रद्धा और भक्ति के हाथों पर सवार पालकी यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ी, वैसे-वैसे आस्था का कारवां बढ़ता चला गया। पीत वस्त्रों में सजे श्रद्धालु, हाथों में रंग-बिरंगे निशान और मुख पर भक्ति का तेज हर दृश्य बसंत पंचमी की पावनता को जीवंत कर रहा था। यात्रा मार्ग में पुष्पवर्षा से वातावरण और भी भक्तिमय हो उठा। ढोल-नगाड़ों और भजनों की मधुर स्वर-लहरियों के बीच श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नृत्य करते नजर आए। यात्रा का समापन श्री खाटू श्याम मंदिर, चक स्वरूप, वार्ड क्रमांक 13 बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण में हुआ। मंदिर परिसर को पीले पुष्पों से विशेष रूप से सजाया गया था। पालकी के मंदिर पहुंचते ही बाबा श्याम की भव्य आरती की गई। इसके बाद भजनों के साथ श्रद्धालुओं ने बाबा के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की। बसंती पवन में लहराती श्याम ध्वजाएं मानो नगर को यह संदेश दे रही थीं कि श्याम कृपा वहां बरसती है, जहां सच्ची आस्था बसती है। यात्रा के समापन पर श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में आरती की गई। पीले पुष्पों से सजे मंदिर में भजनों के साथ श्रद्धालुओं ने बाबा के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। इसके उपरांत बाबा श्याम का प्रिय वाघा प्रसादी के रूप में भक्तों के बीच वितरित किया गया।



## केंद्रीय कृषि मंत्री, विधायक, नपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण रहे मौजूद

# शिवराज ने सांसद खेल महोत्सव के समापन पर पुरस्कार किए वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का विधानसभा स्तरीय भव्य समापन शासकीय एसजीएस पीजी कॉलेज ग्राउंड में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सांसद और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, कुरवाई विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, जनपद सदस्य अमृतांशु यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने विजेताओं को व्यक्तिगत रूप से मेडल और शील्ड प्रदाय की।



गंजबासौदा। कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथिगण



गंजबासौदा। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान करते जनप्रतिनिधि

चौहान ने समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि सांसद खेल महोत्सव का फायनल समापन कार्यक्रम रायसेन में एक एवं दो फरवरी को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने खेलों को जीवन का अतिमहत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करना है। समापन अवसर पर विधानसभा स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बालक एवं बालिका वर्ग में खेला गया। इसमें बासौदा नगर मंडल विजेता एवं बासौदा ग्रामीण मंडल उपविजेता रहा, जबकि ग्यारसपुर मंडल ने बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार विधानसभा स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के बालक वर्ग के फाइनल मैच में बासौदा नगर मंडल विजेता एवं त्योंदा मंडल उपविजेता रहा, जबकि सिरनौटा मंडल ने तृतीय स्थान हासिल किया। जिला अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि 17 नवंबर से 27 दिसंबर तक मंडल स्तरीय क्रिकेट एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इससे पूर्व 101 ग्राम पंचायत स्तर पर रस्साकसी, चेयर रेस एवं नींबू रेस जैसी खेल प्रतियोगिताएं भी सफलता पूर्वक संपन्न कराई गईं। ग्रामीण स्तर से विधानसभा स्तर तक खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया। प्रतियोगिताओं का संचालन रेफरी स्वतंत्र जैन, राहुल विश्वकर्मा, चेतन माथुर, गजेंद्र दांगी, रूबी मंसूरी, रूपेश अहिरवार, मलखान बघेल, कपिल गौड, अभिषेक शर्मा द्वारा किया गया। अंपायर के रूप में अनय शर्मा, अर्जुन बघेल, घनश्याम, राहुल यादव, मुदित पौराणिक एवं नमन रघुवंशी उपस्थित रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता दिवस पर बनाई मानव श्रृंखला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नाकोत्तर महाविद्यालय में 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किये जा रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय में मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन एवं डॉ सुनील पाटीदार के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

## शासकीय शाला में विद्यार्थियों को स्वेटर रसोइयों को साड़ियों का वितरण किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बसंत पंचमी के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला भाटनी में विद्यार्थियों स्वेटर रसोइयों को साड़ी एवं ओलंपियाड परीक्षा और विज्ञान प्रदर्शनी में सहभागिता करने पर प्रमाण पत्र एवं ट्राफी वितरित की गईं। जिसमें संकुल प्राचार्य सुनील कुमार साहू, सीएससी अजय सक्सेना, महेंद्र सिंह रघुवंशी सहित शिक्षकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने संस्था प्रभारी सुनीता पंथी के इस नेक कार्य हेतु उत्साहवर्धन किया एवं सभी शिक्षकों से इनका अनुकरण करने कि बात कही। इस मौके पर डॉ. सिकंदर पंथी, शिव मंगल शाक्य, डॉ. शैलेन्द्र रघुवंशी बरेठ सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक, भाटनी प्राथमिक शाला से शीतल प्रसाद शर्मा, अनिल शर्मा, दिनेश कुमार अहिरवार, सरिता दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीएससी अजय सक्सेना ने बताया कि भाटनी शाला परिवार प्रतिवर्ष सर्दियों में छात्रों को स्वेटर एवं बैग का वितरण अपने निजी खर्च से करते आ रहे हैं एवं विद्यार्थियों के हित में जो भी सहयोग होता है उसके लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

## पंचतत्व के तत्वावधान में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने पौधे रोपे



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को पंचतत्व संरक्षण समिति के तत्वावधान में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय परिसर में 5 पौधे सिंदूर, अशोक, करंज, कचनार और जामुन किस्मों के पौधों का रोपण किया। इस मौके पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पंचतत्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद रहे। यह पौधरोपण उद्यानिकी विभाग के सौजन्य से किया गया। प्रमोद सिंह ने केंद्रीय मंत्री को समिति द्वारा पूर्व में लगाए 70 पौधों का अवलोकन भी कराया जो अब 10 फीट के हो गए हैं। इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने पंचतत्व की सराहना की और कहा कि पौधों की देखरेख होना चाहिए। इस मौके पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आशीष आर्य, उद्यान विभाग अधिकारी रविन्द्र निगवाल, महाविद्यालय प्राचार्य नरेंद्र कुमार, विजय ठाकुर, प्रमोद सिंह, प्रवीण प्रताप सिंह, जगदीप सिंह, बंटी ठाकुर, भीम सिंह तोमर, बसंत सिंह, किशोर सिसोदिया, संतोष सिंह, अखिलेश राजपूत, संजीव चौरसिया, कैलाश अहिरवार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# उत्साह के साथ मनाया गया बसंत पंचमी उत्सव, सुभाषचंद्र बोस जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






शुक्रवार को नगर के अनेक शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों तथा विद्यालयों में बसंत पंचमी उत्सव एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। इस मौके पर सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेंडरी स्कूल में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें अतिथियों एवं शिक्षकों ने जहां बसंत पंचमी उत्सव का महत्व बताया, वहीं आजादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस के योगदान एवं महाकवि महाप्राण निराला के साहित्यिक योगदान को रेखांकित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। डायरेक्टर केएस यादव ने कहा श्रेष्ठ विद्यार्थी के लिए सुख कहां और सुख चाहने वाले को विद्या कहां। कार्यक्रम को सुधा यादव, व्याख्याता डॉक्टर विजय कुमार जैन, प्राचार्य उमेश यादव, दीपाली राजपूत, दिनकर कद्रे ने संबोधित किया। वहीं शासकीय संजय गांधी स्मृति पीजी महाविद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जंयती पराक्रम दिवस एवं बसंत पंचमी अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के आयोजन किए गए। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभावी घनश्याम चौकसे के नेतृत्व में आयोजित किए गए। प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रनिष्ठा के प्रतीक नेताजी के सम्मान में यह दिन पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो उनके निर्भीक नेतृत्व, अनुशासन और स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान को स्मरण करता है। कार्यक्रम में लोक नृत्य एवं लोक संगीत का आयोजन डॉक्टर सपना श्रीवास्तव, सुधा पाठक, डॉक्टर मोनिका नेमा, अर्चना चौधरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। तत्पश्चात डॉक्टर सुनील पाटीदार, डॉ. विकास, डॉक्टर सुनीता ठाकुर ने बसंत पंचमी पर विशिष्ट व्याख्यान में बसंत पंचमी के महत्व इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉक्टर दिलीप गुप्ता, डॉक्टर नीलेश नामदेव द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रीय आंदोलन में दिए गए योगदान उनके विचार, कार्यों के संबंध में परिचर्चा की। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक सुमनलता गुप्ता, डॉक्टर सरिता घेंघट, डॉक्टर बीके प्रजापति, अभिषेक सिंह, मनीष दुबे उपस्थित रहे। वहीं सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य शिवकुमारी रघुवंशी ने छात्राओं को नेताजी के जीवन से जुड़ी बातें बताई। कार्यक्रम को डॉ. पुष्पा बरडे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर निखिल शर्मा सहित महाविद्यालय का स्टॉफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## केंद्रीय कृषि मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 200 जोड़े बंधे विवाह बंधन में






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना अंतर्गत जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर में आयोजित हुआ। सम्मेलन में कल 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। जिनमें 145 विवाह एवं 55 निकाह हुए। सम्मेलन में केंद्रीय किसान कल्याण कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नवीन कृषि उपज मंडी पहुंचकर नव वर-वधुओं को शुभाशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना अंतर्गत इस योजना में कुल 55,000 रुपये की राशि प्रति जोडे के मान से प्रदाय की गई है। जिसमें से कन्या को 49,000 रुपये डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में प्रदाय किये गए हैं तथा 6,000 रूपये की राशि प्रति जोडे के मान से आयोजनकर्ता निकाय को प्रदाय किये गए हैं। मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, विदिशा विधायक मुकेश टण्डन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोड़िया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, वर-वधु पक्षों के परिजन मौजूद थे।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर खडेर द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला फूफेर में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत छात्र, छात्राओं, स्टाफ एवं ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया एवं औषधि वितरित की गई। साथ ही उपस्थित चिकित्सकों ने दिनचर्या, ऋतुचर्या , आहार-विहार एवं योग संबंधित जानकारी विस्तार से दी। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टॉफ, छात्र, छात्राएं एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## शिव महापुराण कथा के दौरान गुरु महिमा पर जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शिव महापुराण कथा के सप्तम दिवस विश्राम के दिन कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित विकास आनंद एलिया ने कहा कि कथा कभी समाप्त नहीं होती, कथा का विश्राम होता है। प्रवचन के दौरान एलिया ने गुरु की महिमा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर जीवन में सही मार्गदर्शन न मिले, तो भगवान शिव को ही अपना गुरु मान लेना चाहिए, वे जीवन की नैया पार लगा देंगे। कृष्ण भक्ति प्रेम, राम भक्ति त्याग और शिव भक्ति करुणा सिखाती है।

पंडित ऐलिया ने चेतावनी भी दी कि जिस जगह धर्म, दान और संतों का सम्मान बंद हो जाता है, वहां खुशहाली नहीं रहती। कथा के दौरान गौ सेवा पर विशेष चर्चा हुई। पंडित एलिया ने दुख जताया कि आज के दौर में लोगों को गाय की महिमा बताने के लिए कथाओं का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गाय के शरीर में सभी देवी-देवताओं का वास है। सींगों में ब्रह्मा, विष्णु और महेश विराजते हैं, जबकि गौ मूत्र में देश के 68 करोड़ तीर्थों का वास माना गया है। गौ हत्या पर विशेष चर्चा करते हुए उन्होंने कहा चिंतन और साधना की आवश्यकता है चिंतन और साधना को जिसने समझ लिया उसी ने ही प्रभु की प्राप्ति अपने जीवन का उद्धार अपने भविष्य को बना लिया। कथा के समापन पर यजमान परिवार प्रतिनिधि चंद्रशेखर दिव्यानी भावसार और भक्तों ने व्यासपीठ का पूजन किया। समापन के बाद महाआरती हुई तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण की। सनातन सेवा समिति ने पंडित एलिया का मंच से सत्कार किया प्रभु की लीला गायन करते हुए कथा को विश्राम दिया।

## खबर संक्षेप

### बीना जंक्शन स्टेशन के पास जैन यात्रियों के लिए अतिथि भवन तैयार

**सिरोंज।** पूज्य आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज एवं पट्टाचार्य श्री समयसागर जी महाराज के आशीर्वाद व मुनिश्री आगम सागर जी महाराज, मुनिश्री पुनीत सागर जी महाराज की प्रेरणा से दि. जैन समाज बीना के द्वारा स्टेशन से मात्र 300 मीटर की दूरी पर, छोटी बजरिया जैन मंदिर के पास आचार्यश्री विद्यासागर संत भवन एवं अतिथि भवन पूर्ण सुसज्जित एवं सुविधाओं से युक्त बनकर तैयार हो गया है। वही यात्रियों एवं समाजजन के उपयोग हेतु खोल दिया गया है। इस अतिथि भवन में एक काफी बड़ा हाल, 9 कमरे बनाये गए हैं। कमरे डबल बेड सहित उपलब्ध हैं। मन्दिर एवं मान स्तंभ भी निर्मित है जिससे दर्शन किसी भी समय सुलभ है। रेलवे स्टेशन के पास पैदल दूरी पर बनाया गया है। शिखर जी अथवा अन्य स्थानों पर जाने वालों को बीना में रात्रि में आने जाने वाले यात्रियो को बड़ी परेशानी होती थी। जो कि अब नही होगी।

### कुलपति ने अग्निवीरों को प्रमाण पत्र सौंपे

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर ने महार रेजीमेंट सेंटर के अग्निवीरों को रोजगारोन्मुख पाठयक्रम के प्रमाण पत्र सौपे गये । विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज के माध्यम से पंजीयन जून माह में प्रांरभ किये गये थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने की। मुख्य अतिथि मेजर राजीव दवे (जीएसओ1) महार रेजीमेंट सेंटर रहे । विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन कुलपति सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी प्रो. सुशील कुमार काशव ने माननीय कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर का स्वागत किया। कम्युनिटी कॉलेज द्वारा कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. एस.पी. उपाध्याय का स्वागत किया गया। प्रोफेशनल कम्युनिकेशन में 332 एवं सार्टिफिकेट इंटरप्रेन्योरशिप में 258 विधार्थियों को प्रवेश दिया।

मेला एक व्यक्ति का नहीं होता बल्कि समाज एवं समुदाय का होता है

# 218 साल से लगातार चल रहा है रहस मेला जिसके लिए हमें गर्व होना चाहिए: पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव




हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

वीर बुंदेला महाराजा श्री मर्दन सिंह जूदेव की राज्य रोहण की स्मृति में भारत प्रसिद्ध प्राचीन रहस मेला का शुभारंभ चावड़ी इमारत पर राजा मर्दन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपाल भार्गव ने महाराजा मर्दन सिंह जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

218 वां रहस मेले की शुरुआत 1809 में बसंत पंचमी को ध्वजारोहण के साथ हुई । जो होली तक चलेगा। मेले में प्रदेश के कोने-कोने से लोग शिरकत करेंगे । कार्यक्रम को गोपाल भार्गव ने संबोधित करते हुए कहा इस मेले को पुष्पित पल्लवित करने का हमारा दायित्व है।मेला हमारी अमूल्य धरोहर है । बुंदेलखंड का सबसे प्राचीन मेला है ।मेला 218 साल से चल रहा है यह मध्यप्रदेश नहीं हिंदुस्तान का सबसे पुराना मेला है । जिसके लिए हमें गर्व होना चाहिए । हमारी संस्कृति धरोहर विरासत है हम सभी को संवारना है। हमारा नगर वैभवशाली है। जिस स्थान की विशेषता होती है उस स्थान पर मेले लगते हैं। मेले की तरक्की और भव्यता बनाए रखने के लिए हम सभी को प्रयास रखना है। विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि यह रहस मेला हम सब की धरोहर, ख्याति और पहचान है इसे संरक्षित कर और आगे बढ़ाना यही मेरा और हम सब का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि मेला एक व्यक्ति का नहीं होता बल्कि समाज एवं समुदाय का होता है इसे महाकुंभ बनाएं और इसमें अपनी सहभागिता दें। रहस मेले में शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जाता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष संगीता मनोज तिवारी, नपा उपाध्यक्ष फूल रानी यादव, परसोत्तम यादव, दिनेश लहरिया, एसडीएम कुलदीप पाराशर, तहसीलदार महेश दुबे, मालगुजार जगदीश नायक, एसडीओ दिनेश रावत, सीएमओ धनंजय गुमास्ता, महामंडलेश्वर महंत हरिदास जी, महंत कमलापतदास जी, सुरेश कपस्या, संजय दुबे, मालगुजार जगदीश नायक, राकेश नायक, संतोष पटेल, दिनेश लहरिया, राजेन्द्र

बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा

# शासकीय सांदीपनि विद्यालय में बसंतोत्सव आयोजन हुआ




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

बसंत पंचमी के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत सरस्वती पूजा के साथ की हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। शासकीय सांदीपनि विद्यालय में बसंतोत्सव का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजा के साथ की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अच्छा व अनुशासित व्यक्ति बनने के लिए प्रेरित किया गया। वही विद्यालय प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में ऐसे काम करो कि आप अपने व्यवहार से पहचाने जाओ। वही उन्होंने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकार डालते हुए कहा कि शास्त्रों में वर्णित है कि मां सरस्वती ब्रह्मा जी की शक्ति और वाणी का रूप हैं। उन्होंने सृष्टि में ज्ञान का संचार करने के लिए स्वयं प्रकट होकर मानवता को शिक्षा और विद्या प्रदान की थी। वसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती का प्रादुर्भाव इसलिए हुआ ताकि संसार में अज्ञानता का नाश हो और ज्ञान की ज्योति फैल सके। प्राचीन कथाओं के अनुसार, उन्होंने अपने प्रादुर्भाव से वेद, संगीत, कला और विज्ञान की नींव रखी। इस दिन के पावन अवसर पर मंदिरों और घरों में देवी के स्वरूप की पूजा अर्चना की जाती है।

### सरस्वती जी के प्रकट उत्सव के महत्व को बताया

सनराइज कान्वेंट स्कूल सियलपुर पथरिया में बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी सरस्वती जी एंव नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने अपनी गीतों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने मन को आनंदित कर दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती जी की पूजन एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात अतिथि व महानुभावों ने सरस्वती जी के प्रकट उत्सव के महत्व को बताया। साथ ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान को याद कर सभी को मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर राजकुमार सेन,रामपाल प्रजापति सहित समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य नीलेश प्रजापति ने किया एवं आभार प्रबंधक इंसाफ खान द्वारा किया गया।



# कांग्रेस ने श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



शुक्रवार को कांग्रेस द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत माता के अमर सपूत एवं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नेताजी को शत-शत नमन किया गया।

इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गगनेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी का अदम्य साहस,राष्ट्र के प्रति उनका अटूट समर्पण और महान बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव देशभक्ति,त्याग और संघर्ष की प्रेरणा देता रहेगा। वही उन्होने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, साहस और स्वाभिमान की मिसाल है। उनका तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगाह्व का उद्घोष आज भी हर भारतीय के हृदय में देशप्रेम की ज्वाला प्रज्वलित करता है और हमें अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा देता है।

## कांग्रेस सेवादल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि



**सागर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर शहर सेवादल के पदाधिकारियों ने नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। शहर सेवादल जिलाध्यक्ष सिन्टू कटारे ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं में से एक थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया था,,नेताजी के योगदान को याद करते हुए कहा कि 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हॉल के सामने 'सुप्रीम कमांडर' के रूप में उन्होंने सेना को संबोधित करते हुए ₹दिल्ली चलो!₹ का नारा दिया था। उन्होंने जापानी सेना के साथ मिलकर बर्मा, इम्फाल और कोहिमा में ब्रिटिश व कॉमनवेल्थ सेना से जमकर मोर्चा लिया था। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी ओम प्रकाश पंडा, जागेश्वर पांडे, अन्नू घोषी,

मुख्यमंत्री का किया आभार व्यक्त

# पेंशनर कर्मचारियों को सीएम डॉ. यादव की घोषणा से लाभ

सरकार द्वारा कर्मचारी पेंशनरों के हित में अनेक घोषणाएं किए जाने से पेंशनरों में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली


पिछले दिनों डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री और सरकार द्वारा कर्मचारी पेंशनरों के हित में अनेक घोषणाएं की जाने से पेंशनरों कर्मचारियों में हर्ष बना हुआ है। सेवानिवृत कर्मचारियों के प्रोग्रेसिव पेंशनर संगठन मजदूर संघ के नेताओं द्वारा प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

कर्मचारी पेंशनरों को साढ़े तीन लाख का कैशलेस बीमा गंभीर बीमारी का खर्च सरकार द्वारा उठाने शिक्षक संवर्ग को चतुर्थ क्रमोन्नव वेतनमान देकर शिक्षा विभाग के शिक्षकों कर्मचारियों के साथ न्याय किया है। इसी के साथ सरकार कट ऑफ डेट 1 जुलाई 2023 के स्थान पर 1 जुलाई 2019 से लागू की जाती है तो जो कर्मचारी पूर्व में सेवानिवृत हो चुके हैं उनके साथ भी न्याय होगा। स्वदेशी जागरण मंच भारतीय मजदूर संघ के जिला संयोजक किशोर सिंह ठाकुर, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील अध्यक्ष नारायण सिंह किरार, कार्यवाहक अध्यक्ष डीडी धाकड़, रामाधार श्रीवास्तव, कमलेश पाराशर, नीता श्रीवास्तव, बृजेश ठाकुर, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, लोकल सिंह रघुवंशी आदि ने कर्मचारी पेंशनरों के हित में की गई घोषणा पर मुख्यमंत्री डॉ यादव का आभार व्यक्त किया।

# सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की तैयारियां शुरू

## मानस सत्संग भवन में होगी भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



कथा आयोजन की नगरी में 27 जनवरी से एक फरवरी तक सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का संगीतमय आयोजन मानस सत्संग भवन में होगा। भवानी रामायण महिला मंडल के तत्वाधान में होने वाली कथा ज्ञान यज्ञ की तैयारियां, प्रचार और संपर्क अभियान शुरू हो गया है। नगर में वर्ष 2026 की शुरुआत से अभी तक 2 श्रीमद भागवत कथाओं का आयोजन हो चुका है। 27 जनवरी से तीसरी कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ हो रही है। नगर में कथा आयोजन में मुख्यरूप से महिला मंडलों की सक्रियता बनी हुई है। सात दिवसीय संगीतमय कथा में कथा व्यास डॉ. पं. भवानीशंकर तिवारी द्वारा भागवत कथा के प्रमुख प्रसंगो का वर्णन किया जाएगा।

भवानी रामायण मंडल की अध्यक्ष गायत्री गुप्ता, श्री मति क्रष्णा विश्वकर्मा, श्रीमति राधा उपाध्याय, श्रीमति सरोज विश्वकर्मा, श्रीमति गायत्री मेहरा, श्रीमति शांती नोरिया, श्रीमति अनुराधा ऋषेश्वर, श्रीमति चिंता मणी भार्गव, श्रीमति आशा भार्गव, श्रीमति निर्मला भार्गव की सक्रीय भूमि बनी हुई है।

# बुंदेलखंड के युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए अच्छा प्रयासः मंत्री पटेल

**सागर।** खेल में जुआ नहीं, प्रतियोगिता होनी चाहिए एवं बुंदेलखंड के युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए यह खेल प्रतियोगिता अच्छा प्रयास है। उक्त विचार पंचायत, ग्रामीण विकास, आवास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने सागर में बुंदेली क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मैच में टॉस उछालकर शुरू करते हुए व्यक्त किए। पंचायत, ग्रामीण विकास, आवास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि स्थानीय प्रतिभाओं को खेल में उचित स्थान मिले, इसके लिए यह प्रतियोगिता स्थानीय खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। प्रतियोगिता पूरी तरह निष्पक्ष भाव से आयोजित की जा रही है, जिसमें सभी खिलाड़ी पूरे मन से खेल रहे हैं।

विद्यालयों में मां सरस्वती का पूजन, मंदिरों में हुए बसंतोत्सव पर कई कार्यक्रम

# मंगलेश्वर तीर्थ में हुआ उपनयन संस्कार, विद्यार्थियों को पिलाई ब्राम्ही

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

बसंत ऋतु का आगमन हो गया है। बंसत पंचमी पर प्रति वर्षानुसार मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल मंदिर आश्रम में बसंतोत्सव पर्व मनाया गया। पू. ब्रम्हचारी जी के निर्देशन उपस्थिति में वैदिक मंत्रों के साथ उपनयन संस्कार कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

पू. ब्रम्हचारी जी द्वारा निर्माण की गई ब्राम्ही विद्यार्थियों को नर्मदा जल में खड़ा कर के पिलाई गई। कार्यक्रम में भारी संख्या में परिवार जनों एवं श्रद्धालुओं भक्तों की उपस्थिति रही।



### स्कूलों में मां सरस्वती के पूजन कार्यक्रम

विद्या की देवी मां सरस्वती के अवतरण वसंत ऋतु के आगमन वसंत पंचमी पर्व पर नगर के सरकारी-प्राइवेट स्कूलों में मां सरस्वती के पूजन कार्यक्रम का उत्साह पूर्वक आयोजन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की पूजन प्रार्थना करने के साथ गुरुओं का आर्शीवाद लिया।

### मंदिरों में बसंतोत्सव कार्यक्रम

बसंत पंचमी के महा पर्व पर हजारों श्रद्धालु नर-नारियों द्वारा नर्मदा मैया में स्नान पूजन किये गये। नगर एवं क्षेत्र के मंदिरों में वसंत पंचमी का पर्व वसंतोत्सव के रूप में मनाया गया।

नगर के प्राचीन श्री जी मंदिर में भगवान राधा-क्रष्ण का विशेष श्रृंगार सजावट कि गई। इसी के साथ हनुमान गडी मंदिर, बापोली धाम शिव मंदिर, मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल, श्रीहनुमान मंदिर छींद धाम सहित अन्य मंदिरों में वसंत पंचमी पर भगवान का श्रृंगार मंदिरों की सजावट विशेष प्रसादी का वितरण किया गया। श्रीजी मंदिर में भजन कीर्तन का सिलसिला चलता रहा।।

नगर पंचायत अध्यक्ष चौधरी ध्वजा रोहण कर परेड सलामी लेंगे

# हॉकी दशहरा मैदान में होगा गणतंत्र दिवस समारोह

प्रतियोगिता व परीक्षाओं के मेधावियों को करेंगे राज्यमंत्री पटेल पुरस्कार वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नगर का मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह हाकी दशहरा मैदान पर 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि न.प. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी द्वारा ध्वजा रोहण के बाद परेट की सलामी ली जाएगी।

पिछले 3-4 दिनों से हाकी मैदान पर विभिन्न सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा बेंड के साथ परेट की रिहरसल तैयारी की जा रही है। हाकी मैदान के बडे मंच पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्तिपूर्ण गीत-संगीत, नृत्य के कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएगीं।

## नगर के सभी शासकीय और प्राइवेट स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की चल रही तैयारी



### स्कूलों में तैयारियां तेज

गणतंत्र दिवस समारोह में सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानदार-शानदार प्रस्तुतीयां देने की परंपरा बनी हुई है। एक दर्जन से अधिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति से परिपूर्ण सामूहिक गीत, नृत्य कार्यक्रमों की अपनी-अपनी शिक्षण संस्थाओं में तैयारियां कि जा रही है। गणतंत्र दिवस समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार जनों का सम्मान राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल प्रतियागिताओं अन्य प्रतियोगी परिक्षाओं में उत्क्रष्ट स्थान प्राप्त करने वाले मैधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र मुख्य अतिथि द्वारा वितरण किये जाएगें।

# 25 को नर्मदा जयंती मांगरोल पुल घाट पर होगा निर्झरणी महोत्सव आयोजन

## लोकगायन, नृत्य नाटिका एवं भक्ति गायन प्रस्तुत करेंगे कलाकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

### गायन नृत्य नाटिका की प्रस्तुति

निर्झरणी महोत्सव के अंतर्गत 25 जनवरी 2026 को सायं 6 बजे से तहसील अंतर्गत मांगरोल पुल घाट नर्मदा मैया सेवा आश्रम पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ संयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम में नरेन्द्र शिवाजी पटेल की विशेष उपस्थिति होगी। इसके अंतर्गत लोक गायक गयाप्रसाद प्रजापति एवं साथियों रायसेन द्वारा बुन्देली लोकगायन की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद सुश्री नुपुर माहौर एवं साथी भोपाल द्वारा नर्मदा केंद्रित नृत्यनाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी। अंतिम प्रस्तुति भक्ति गायन की होगी, जिसे पवन तिवारी एवं साथी टीकमगढ़ द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के विशेष प्रयास से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नर्मदा जयंती पर माँ नर्मदा को धन्यता प्रकट करने के उद्देश्य से निर्झरणी महोत्सव का विशेष आयोजन किया जा रहा है।

संचालक, संस्कृति विभाग एनपी नामदेव ने बताया कि नर्मदा केवल नदी नहीं बल्कि आस्था, संस्कृति और सभ्यता की शाश्वत धरोहर है। उनके किनारों पर संस्कृतियाँ और परंपराएं बसती हैं। आने वाली पीढ़ी अपनी विरासत और संस्कृति के महत्व को जान और समझ सके, इसी विचार के साथ संस्कृति विभाग द्वारा निर्झरणी महोत्सव का आयोजन मध्यप्रदेश में मां नर्मदा के 11 पवित्र घाटों पर किया जा रहा है।

## नागरिकों ने कहा - जल कर देने के बाद भी हमें खुद बनना पड़ रहा मजदूर

# पानी सप्लाई लाइनों की शिफ्टिंग बनी सिरदर्द कनेक्शन के लिए उपभोक्ता खुद खोद रहे गड्ढे

### अपनी जिम्मेदारी नागरिकों पर थोंपकर पल्ला झाड़ रही नगर पालिका, जिम्मेदार भी मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

इंदौर की घटना से जागी नगर पालिका द्वारा भले ही शहर में पानी सप्लाई लाइनों की दुरुस्तिकरण और शिफ्टिंग का किया जा रहा है, लेकिन यह कार्य नागरिकों के लिए सिर दर्द बन गई है। क्योंकि नवीन पानी की पाइप लाइनों से कनेक्शन लेने के लिए उपभोक्ताओं को स्वयं ही सड़क को खोदकर गड्ढा करना पड़ रहा है, जो कि परेशानी से भरा है। जबकि नगर पालिका द्वारा उपभोक्ताओं से मासिक जल कर विधिवत वसूला जाता है।

लाइन शिफ्टिंग की प्रक्रिया में घरेलू नल कनेक्शनधारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में हितग्राहियों को स्वयं अपने खर्चे पर गड्ढे खुदवाने पड़ रहे हैं, जिससे नाराजगी देखी जा रही है। वहीं दूसरी ओर जगह-जगह खुदाई के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है, वहीं समय पर काम पूरा न होने से लोगों को पानी की समस्या झेलनी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका को यह कार्य स्वयं कराना चाहिए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

**नागरिकों का कहा - कनेक्शन के साथ गड्ढे खुदाई का कार्य नगर पालिका को स्वयं कराना चाहिए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।**



### इनका कहना है

आपके द्वारा यह बात मेरे संज्ञान में आई है, मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।
- **सविता जमना सेन,** नपाध्यक्ष रायसेन।

**नागरिकों के सामने समस्या - काम धंधा छोड़कर नल कलेक्शन के लिए खोद रहे जमीन, नपा अमले का ढो रहे बोझ**

### खुदाई के कारण आवागमन हो रहा प्रभावित

शहर के वार्ड 14 पाटनदेव क्षेत्र में शासकीय माध्यमिक स्कूल के पीछे नगर पालिका द्वारा जल सप्लाई लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जा रहा है। उपभोक्ताओं द्वारा नल कलेक्शन के लिए सड़क पर गड्ढे खोदे जा रहे हैं, जबकि वार्ड में छोटी छोटी गलियां है। गड्ढे होने के कारण आवागमन बाधित हो रहा है। कई बार दुर्घटनाओं की स्थिति बन रही है, जिससे लोगों में काफी आक्रोश है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा पहले से कोई सूचना नहीं दी गई, और अचानक से कार्य प्रारंभ कर दिया।

### नपा की अधिकारी मीडियाकर्मियों का नहीं करती कॉल रिसीव

नगर पालिका की जिम्मेदार अधिकारी मीडिया कर्मियों फोन उठाना मुनासिब नहीं समझतीं। वह हमेशा जिम्मेदारी से बचती नजर आती हैं। यह मामला एक बार का नहीं बल्कि दर्जनों बार का हो चुका है। ऐसी स्थिति में आखिर मीडिया कर्मी जानकारी किससे लें, उनके सामने यह समस्या बनी हुई है।

### कुछ ही स्थानों पर शिफ्टिंग कार्य

नगर पालिका द्वारा दावा किया जा रहा है शहर की सभी पुरानी और क्षतिग्रस्त पानी की पाइप लाइनों को बदला जा रहा है, लेकिन हकीकत में सिर्फ कुछ ही स्थानों पर शिफ्टिंग का कार्य किया जा रहा है।

### नागरिकों की मांग- नगर पालिका कराए खुदाई का कार्य

शहर के पाटनदेव क्षेत्र में चल रही पानी पाइप लाइन शिफ्टिं कार्य में नगर पालिका अमले द्वारा यह कहकर जिम्मेदारी उपभोक्ताओं पर डाल दी जा रही है कि घरेलू नल कनेक्शन के सामने खुदाई उपभोक्ता स्वयं कराएं। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि नगर पालिका इस कार्य की पूरी जिम्मेदारी स्वयं ले और जनता को राहत प्रदान करे।

लोगों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि "पानी सप्लाई लाइन शिफ्टिंग नगर पालिका का काम है, लेकिन गड्ढे खुदवाने से लेकर खर्च तक जनता से कराया जा रहा है। शिकायत करने पर कोई अधिकारी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। टैक्स देने के बाद भी हमें खुद मजदूर बनना पड़े तो फिर नगर पालिका किस काम की?

---

**सीएमएचओ डॉ. मांडरे ने संभाला कार्यभार**

## नोडल अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक, कहा- दायित्व अपनी ईमानदारी से निभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



सीएमएचओ डॉ. एचएन मांडरे ने एक बार फिर रायसेन में कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कार्यालय में नोडल अधिकारियों और संबंधित स्टाफ की समीक्षा बैठक ली। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों और लंबित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

डॉ. मांडरे ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी लगन, निष्ठा और ईमानदारी से निभाएं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से सीधे आम जनता जुड़ी होती है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, दवाओं की उपलब्धता और फील्ड स्तर पर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। डॉ. मांडरे ने नोडल अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विभागीय समन्वय और पारदर्शिता के साथ काम किया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। बैठक में सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं विभिन्न कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**रायसेन।** जिले में वर्ष 2026 के लिए कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। आदेश के तहत रायसेन जिले के लिए 23 सितम्बर दिन बुधवार पीर फतेहउल्लाह साहब दरगाह शरीफ रायसेन का 805वां वार्षिक उर्स, 29 अक्टूबर दिन गुरूवार करवा चौथ एवं 11 नवंबर भाईदूज (दीपावली) को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश जिले के कोषालय तथा उप कोषालयों के लिए लागू नहीं होगा।

---

## बसंत पंचमी पर स्कूलों में हुआ वीणा वादिनी का पूजन, स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को जिलेभर में बसंत पंचमी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। मां सरस्वती की पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों में वीणावादिनी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से पूजन किया। शिक्षकों ने पीले वस्त्र धारण कर पुष्प, धूप-दीप और प्रसाद के साथ मां सरस्वती का पूजन किया।

शहर के आरजीएम स्कूल, शाइनिंग पब्लिक स्कूल, डॉ राधाकृष्णन मेमोरियल स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सहित



अन्य स्कूलों में भी बसंत पंचमी पर्व उत्साह भरे माहौल में धूमधाम से मनाया गया। इन स्कूलों में रंगारंग एवं गरिमामय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। जिनमें बच्चों ने सरस्वती वंदना, गीत, नृत्य और कविता पाठ प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को ज्ञान, अनुशासन और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

## मुस्लिम समुदाय ने एसआईआर में फर्जी आपत्तियां लगाने वाले आरोपी पर एफआईआर की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने एकत्रित होकर एसआईआर में धर्म विशेष के लोगों को ही निशाना बनाकर फर्जी आपत्तियां लगाने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी को सौंपा है।

**सलामतपुर, बांसखेड़ा, सेमरा, बरौला सहित अन्य गांवों में लगाई गईं हैं आपत्तियां**



ज्ञापन में बताया कि सलामतपुर, रातातलाई, बांसखेड़ा, सेमरा, बरौला, खामखेड़ा, बेरखेड़ी चौराहा, खोहा, दहीड़ा, मुड़ियाखेड़ा, मुश्काबाद, दीवानगंज सहित अन्य गांवों में एसआईआर में फर्जी और झूठी आपत्तियां लगाने वाले आरोपी की पहचान कर उस पर एफआईआर करने की मांग की गई है। ज्ञापन की प्रतिलिपि निर्वाचन आयोग दिल्ली, निर्वाचन आयोग भोपाल सहित रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के नाम दी गई है।

गौरतलब है कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में नए नाम जुड़वाने और ड्राफ्ट रोल में शामिल मतदाताओं के नामों पर आपत्ति गुरुवार तक ली गई थीं। इसके एक दिन पहले सुनारी सलामतपुर पंचायत में एक आपत्ति की वजह से क्षेत्र के 150 से अधिक मतदाताओं में परेशान होना पड़ा था, दरअसल अचानक से इतने अधिक मतदाताओं के नाम पर आई आपत्ति के बाद मतदाताओं में हड़कंप मच गया। हालांकि बाद में सामने आए आपत्तिकर्ता ने इसे झूठी आपत्ति बताया। बावजूद इसके बीएलओ ने आपत्ति वाले मतदाताओं ने दस्तावेज लेकर उनको दोबारा से वेरिफिकेशन किया है। वहीं बांसखेड़ा गांव में तो वर्तमान महिला सरपंच को ही बाहरी बताकर फर्जी आपत्ति लगा दी गई थी।

## श्री राधाकृष्ण मंदिर में चल रही भागवत कथा में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**रायसेन।** शहर के श्रीराधा राधाकृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा ने अपनी अमृतमयी वाणी से प्रभु के विभिन्न अवतारों का वर्णन किया।

---

## नीलकंठ धाम पर मेले के साथ बसंत महोत्सव का आरंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

तहसील मुख्यालय गैरतगंज से 20 कि मी की दूरी पर स्थित तथा क्षेत्र के प्रसिद्ध शिवधाम श्री नीलकंठेश्वर धाम पाटन में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 22 जनवरी से बसंत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यहां आयोजन की शुरुआत गुरुवार से हो गई। शुक्रवार को मुख्य आयोजन में हजारों लोगों ने मंदिर पहुंचकर मंदिर में स्थापित 1100 रुद्रधारी शिवलिंग की विशेष पूजा आराधना किया।

इस अवसर पर रुद्र महायज्ञ का आयोजन भी प्रारम्भ हो गया है। बसंत पंचमी के पर्व पर तहसील के ग्राम हरदौट के पास स्थित श्रीनीलकंठेश्वर धाम पाटन में प्रतिवर्ष मेला लगता है। यहां महारुद्र यज्ञ का आयोजन भी किया जाता है। इस वर्ष यह आयोजन 22 जनवरी से आरम्भ हो गया है। मुख्य आयोजन 23 जनवरी को बसंत पंचमी के दिन हुआ।




मंदिर के पुजारी एवं यज्ञकर्ता श्री श्री 108 महंत बाबा महाकाल ने बताया कि बसंत पंचमी के मौके पर दूर दराज से आने वाले हजारों श्रद्धालु नीलकंठेश्वर के ग्यारह सौ रुद्र धारी शिवलिंग के दर्शन कर पूजा आराधना करेंगे। अनुमान है कि बसंत पंचमी पर 50 हजार से ज्यादा भक्त नीलकंठ पहुंचे। मंदिर के पास प्राचीन ऐतिहासिक बावड़ी है जिसका जल कभी समाप्त नही होता आयोजन का यह 65 वां वर्ष है। मंदिर प्रबंधन एवं आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से इस आयोजन में शामिल होने की अपील भी की है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में 92 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ | एक ही मंडप के नीचे सात फेरे और निकाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत शुक्रवार को सामूहिक विवाह व निकाह कार्यक्रम आयोजित हुआ। एक ही मंडप के नीचे हिंदू रीति-रिवाज से 35 जोड़ों ने सात फेरे लिए, जबकि 57 मुस्लिम जोड़ों ने निकाह कबूल किया।

कार्यक्रम में विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, नपाध्यक्ष सविता जमना सेन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ पश्चात सामूहिक रूप से विवाह एवं निकाह की रस्में संपन्न कराई गईं। इस अवसर पर विधायक डॉ. चौधरी



ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। पहले बेटी के जन्म के साथ ही माता-पिता को उसकी शादी की चिंता सताने लगती थी। लेकिन अब बीजेपी की प्रदेश सरकार बालिकाओं के जन्म से लेकर शिक्षा और विवाह तक के लिए योजनाएं चला रही है।

कार्यक्रम को जिपं अध्यक्ष श्री मीणा, नपाध्यक्ष श्रीमति सेन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एसडीएम मनीष शर्मा, उप संचालक मनोज बॉथम, ब्रजेश चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

## पीएमश्री स्कूल सहित आसपास ग्रामीण अंचलों में मनाया बसंत पंचमी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज में शुक्रवार को बसंत पंचमी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में यज्ञ एवं मां सरस्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पंडित लक्ष्मीप्रसाद, मोनू द्वारा यज्ञ नारायण की पूजा एवं मां सरस्वती की आराधना विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ कराई गई। समस्त विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम में सहभागिता की और छात्र-छात्राओं ने यज्ञ में आहुति देकर मां सरस्वती से आगामी परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने का आशीर्वाद मांगा। पूरे विद्यालय परिसर में भक्ति और उल्लास का



वातावरण देखने को मिला।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्रीमती प्रीति कहार, शिक्षक अजेंद्र सिंह, मनोज पवार, मुन्नालाल अहिरवार, ममता पासी, राजेश्वरी लोधी, राजेंद्र सावले, राजेश कुशवाह एवं निधि जैन सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को विद्यार्थियों के संस्कार निर्माण के लिए महत्वपूर्ण बताया।

वहीं गांव-गांव में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना, हवन-यज्ञ और विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, बच्चों और युवाओं ने सहभागिता की। बसंत पंचमी के अवसर पर मंदिरों और विद्यालयों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा की गई।

**किसान जन आंदोलन यात्रा सिलवानी तहसील के 20 ग्रामों में पहुंची**

## जनसभा में गरजे वक्ता- भाजपा सरकार पर तीखा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

प्रदेश की हर विधानसभा में किसान कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही किसान जन आंदोलन यात्रा सिलवानी विधानसभा क्षेत्र में भी निकाली गई। यात्रा के अंतिम चरण में किसान जन आंदोलन यात्रा तहसील के 20 ग्रामों में दो दिन तक भ्रमण करती रही। यात्रा के माध्यम से कांग्रेस ने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के साथ किए जा रहें अन्याय को सिलसिलेवार गिना करा भाजपा सरकार को किसान विरोधी निरुपित किया। यात्रा में विशेष रुप में विधायक देवेंद पटेल तथा किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ठाकुर रणजीत सिंह मौजूद रहें।

ग्रामों में पहुंचने पर यात्रा का किसानों व ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। ग्रामों में आयोजित आम सभा को विधायक देवेंद्र पटेल, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष ठाकुर रणजीत सिंह, किसान जन आंदोलन यात्रा संयोजक राजा धर्मवीर सिंह, बाबा नीलमणि शाह, एडवोकेट रामेश्वर रघुवंशी, राजीव पटेल

**भाजपा सरकार में महंगाई बढ़ी, लेकिन किसान को उसकी फसल का उचित दाम नहीं मिल रहा : विधायक देवेंद्र पटेल**

**वक्ताओं ने कहा- महंगाई बढ़ी, किसान की आय घटी, यूरिया-डीएपी बना सबसे बड़ा संकट**




एवं ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अजय पटेल ने संबोधित किया। वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज देश का किसान सबसे ज्यादा परेशान है, लेकिन सरकार को उसकी चिंता नहीं है।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में महंगाई लगातार बढ़ी है लेकिन किसान को उसकी फसल का उचित दाम नहीं मिल रहा। किसान अपनी ही उपज बेचने के लिए घंटों लाइनों में खड़ा दिखाई देता है। यह व्यवस्था नहीं, बल्कि किसान का अपमान है। उन्होंने कहा कि आय दोगुनी का नारा सिर्फ भाषणों तक सीमित रह गया है, जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है।

किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष ठाकुर रणजीत सिंह ने खाद की बढ़ती कीमतों और किल्लत को लेकर सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी, तब यूरिया की बोरी 100 रुपये और डीएपी 350 रुपये में मिलती थी। आज वही यूरिया 275 रुपये और डीएपी 1450 रुपये तक पहुंच गया है, वह भी समय पर किसानों को मिल नहीं रहा।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब खाद ही समय पर और उचित मूल्य पर नहीं मिलेगी, तो किसान खेती कैसे करेगा। उन्होने कहा कि सरकार ने किसानों से किए वादों को पूरी तरह भुला दिया है। लागत लगातार बढ़ रही है बीज, खाद, कीटनाशक, डीजल सब महंगे हो गए हैं, लेकिन फसलों के समर्थन मूल्य में कोई वास्तविक बढ़ोतरी नहीं हुई। यही कारण है कि किसान कर्ज के दलदल में फंसता जा रहा है।

आमसभा को यात्रा संयोजक राजा धर्मवीर, एडवोकेट रामेश्वर रघुवंशी ने भी संबोधित कर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, किसान आदि मौजूद थे।